वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 159 गुरुवार 3 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# मुख्यमंत्री ने खादी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

## आमजन खादी उत्पादों पर लें आकर्षक छूट का लाभ : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड परिसर स्थित खादी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खादी देश की पहचान है। इसके उत्पाद पर्यावरण हितैषी होते हैं तथा हानिकारक रसायनों से मुक्त होते हैं। उन्होंने कहा कि खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है। आमजन इस छूट का लाभ उठाते हुए खादी उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें, ताकि कतिनों एवं बुनकरों को आर्थिक संबल मिल सकें। शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खादी उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने खादी उत्पादों का क्रय कर यूपीआई माध्यम से भुगतान भी किया। मुख्यमंत्री ने परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम सहित खादी संस्थान से जुड़े कार्मिक भी उपस्थित रहे।




## महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी का हुआ आयोजन

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर के तत्वावधान में हुआ आयोजन, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया श्रमदान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय के अध्यक्ष के निर्देशन में राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पल्लवी शर्मा एवं पवन जीनवाल ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी जी के दर्शन एवं सिद्धांतों को आत्मसात करना ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से विद्यार्थी, आमजन, महिला, बुजुर्ग सभी के बीच अपनी एक विशेष पहचान बनाता आया है और आमजन को इस माध्यम से काफी लाभ प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम की कडी में विद्यालय परिसर एवं विद्यालय के आस-पास के परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा है'' की तर्ज पर श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी। इस दौरान विशेषकर विद्यार्थियों से यह अपील किया कि आज का समय हमारे आस-पास के वातावरण को स्वस्थ्य एवं स्वच्छ रखने का है जो कि आने वाली पीढ़ी हेतु आवश्यक है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ''स्वच्छता ही सेवा है'' के माध्यम से गांधीजी के सादा जीवन-उच्च विचार की विचारधारा को धरातल पर उतारना है ताकि एक बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाध्यापक पुखराज आर्य, लीगल लिटरेसी क्लब इंचार्ज हिना अख्तर सहित अन्य शिक्षक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महावीर इंटरनेशनल की सेवाएं अद्वितीय व उपयोगी: डॉ रामबरण यादव (पूर्व राष्ट्रपति नेपाल)





**सूरत. शाबाश इंडिया**

'सब को प्यार' 'सब की सेवा' व 'जिओ और जीने दो' के आदर्श सिद्धांतों के साथ भारत के शहरों-गांवों व कस्बों में पीड़ित मानवता की सेवा में जुटी महावीर इंटरनेशनल की सेवाएं अद्वितीय व अनुकरणीय है, ये उद्गार नेपाल के पूर्व एंव प्रथम राष्ट्रपति डॉ श्री रामबरण यादव ने सूरत के डुमस रोड़ स्थित अवध उथोपिया के एक बेंक्वेट हॉल में व्यक्त किए। डॉ यादव महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों व वीर-विराओं को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ यादव ने कहा कि नेपाल व भारत की संस्कृति, सभ्यता, पहनावे आदि में काफी समानता है। इस अवसर पर गांधीवादी चिंतक एंव पत्रकार चन्द्र किशोर झा ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा प्रयासों को सराहा व हर किसी संगठन को इस सेवा भावी संगठन से प्रेरणा लेनी चाहिए। नेपाल-भारत सहयोग मंच के अध्यक्ष अशोक कुमार वैद ने कहा कि मेरा ये सौभाग्य है कि कोलकोता के रतनलाल फलोदिया के सुझाव पर इस सेवाभावी संगठन से जुड़ पाया व मेरा प्रयास रहेगा कि नेपाल में भी सेवाभावी लोग इस संस्था से जुड़े व इस संगठन की सेवाओं से नेपाल राष्ट्र के लोग भी लाभान्वित हो। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वनिता विश्राम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ दक्षेश ठाकर ने नेपाल से समागत पूर्व राष्ट्रपति डॉ रामबरण यादव की सहजता, सरलता व विद्वता की सराहना की डॉ ठाकर ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल के विभिन्न कार्यक्रमों में मुझे शामिल होने का अनेकों बार सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति डॉ रामबरण यादव को 'सेवा गौरव सम्मान-2024' से सम्मानित किया गया तथा उनके साथ समागत चन्द्रकिशोर यादव व अशोक कुमार वैद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद डॉ दक्षेश ठाकर को भी सम्मानित किया गया। महावीर इंटरनेशनल रिजन-8 के उपाध्यक्ष वीर गणपत भन्साली, महावीर इन्टरनेशनक के मेम्बरशिप एंड सेंटर डेवलोपमेन्ट प्रकोष्ठ के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक वीर सुरेन्द्र मरोठी, एम आई सूरत मुख्य शाखा से गवर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर सन्तोक नाहर तथा गुजरात जोन के जोन सेक्रेटरी वीर भरत संघवी ने सम्मान के इस दायित्व को निभाया। स्वागत भाषण वीर गणपत भन्साली तथा आभार ज्ञापन वीर सुरेन्द्र मरोठी ने किया। वीर वन्दना का संगान वीरा अभिलाषा की चेयरपर्सन वीरा सरिता कुकड़ा, सेक्रेटरी वीरा कविता दक तथा वीरा दृष्टि की चेयरपर्सन वीरा निशा सेठिया व वाइस चेयरपर्सन वीरा स्मृति जैन ने किया। सम्मान समारोह में सूरत में मौजूद अपेक्स व मुख्य जोन पदाधिकारी, मुख्य शाखा के सभी पूव चेयरमैन, एम आई सूरत की मुख्य शाखा, मॉडल टाउन शाखा, साउथ वेस्ट शाखा, वीरा अभिलाषा शाखा, वीरा दृष्टि शाखा के चेयरमैन-सेक्रेटरी व पाल अडाजन में व चिखली (गुजरात) नई शाखा प्रारम्भ करने हेतु प्रयासरत नितिन मेहता एंव मनोज बोहरा मौजूद रहे व अनेक आमन्त्रित अतिथियों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में बाइकिंग क्वीन तथा मोटिवेटर सुश्री नीतू चोपड़ा भी मौजूद रही। सम्मान समारोह की सम्पनता पश्चात दोनो देशों के राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के समापन पश्चात नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति के सम्मान में आयोजित स्नेह भोज में सभी अतिथिगण व वीर-विराएं शामिल हुए।

# महावीर इंटरनेशनल डडूका द्वारा महात्मा गांधी और शास्त्रीजी पर बाल क्विज का आयोजन

**अजीत कोठिया. शाबाश इंडिया।** डडूका। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर महावीर इंटरनेशनल डडूका द्वारा बाल क्विज का आयोजन किया गया। समारोह में 101बच्चो ने हिस्सा लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि महावीर इंटरनेशनल के गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया थे। अध्यक्षता डडूका केन्द्र अध्यक्ष सुंदरलाल पटेल ने की तथा विशिष्ट अतिथि विष्णु प्रसाद रावल एवं विनय कुमार बलाई थे। प्रारंभ में चेतन पंड्या ने सभी का स्वागत करते हुए गांधी,शास्त्री के भारत की आजादी एवम विकास में योगदान पर चर्चा की। कार्यवाहक प्रधानाचार्य मोहित पाटीदार ने विद्यालय के रचनात्मक कार्यों में महावीर इंटरनेशल के स्वेटर वितरण जैसे कार्यक्रमों की सराहना की। अजीत कोठिया के संयोजन में गांधी शास्त्री पर क्विज मे 25 रोचक प्रश्नों का 100 बच्चों ने जवाब दिया। विजेता बच्चो और भाग लेने वाले सभी बच्चो को प्रायोजक मनोज कुमार बसंतलाल सेठ अहमदाबाद प्रवासी डडूका निवासी की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया। कोठिया ने इस अवसर पर महावीर इंटरनेशल की ओर से शीत कॉल मे विज्ञान क्विज कॉन्टेस्ट आयोजन एवम स्वेटर वितरण करने की घोषणा की। संचालन चेतन पंड्या ने किया, आभार विष्णुप्रसाद रावल ने व्यक्त किया।



# असुरों का वध कर श्री राम ने किया अहिल्या उद्धार



**विराटनगर. शाबाश इंडिया।** कस्बा स्थित रामलीला मैदान में श्री अवधेश कला केंद्र रामलीला मंडल के तत्वावधान में चल रही 17 दिवसीय रामलीला मंचन में मंगलवार को श्री राम द्वारा अहिल्या का उद्धार कर राजा जनक की अमराई में विश्राम किया। लीला प्रसंग के अनुसार भगवान श्री राम के द्वारा मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षार्थ ताड़का, मारीच, सुबाहु जैसे राक्षसों का वध कर सहायता पहुंचाई तथा भागीरथ द्वारा लाई गई गंगा मैया घाट पर पंडों द्वारा मुनि विश्वामित्र को रघुवंश की वंशावली सुनाकर, राम ,भरत लक्ष्मण , शत्रुघ्न का नाम रघुवंश की वंशावली में जोड़ा गया। गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या जो अपने पति के श्राप से श्रापित होकर पत्थर की शिला के रूप में विद्यमान थी, श्री राम ने विश्वामित्र के आदेश से अपनी चरण रज से अहिल्या का उद्धार किया। आगे जाकर राजा जनक की अमराई में विश्वामित्र सहित राम लक्ष्मण ने विश्राम किया। मंडल के मामराज सोलंकी ने बताया कि प्रदीप शर्मा ने राम, गणेश हिंदू ने लक्ष्मण, मुकेश सैनी ने विश्वामित्र, योगेश कौशिक ने जनक, अनील बरीठ ने सुबाहु,वेद प्रकाश ने मारीच, विक्की सैनी ने ताड़का का किरदार निभाया।

## महात्मा गांधी जी ने अहिंसा के बल पर किया भारत को स्वतंत्र: गुरुमां विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी राजस्थान में चातुर्मासरत परम पूज्य भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका गुरुमां 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में प्रतिक जैन सेठी ने बताया कि आज की अतिशयकारी श्री शांतिनाथ भगवान की शांतिधारा करने का सौभाग्य पीयूष जैन नोएडा एवं उमेश जैन टाटा परिवार खेरली वालों




ने प्राप्त किया। इसी के साथ आज के चातुर्मास संयोजक बनने का सौभाग्य विनोद जैन आरके पुरम दिल्ली सपरिवार को प्राप्त हुआ। गांधी जयंती पर पूज्य गुरु मां ने सभी भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहां कि जैन धर्म का मूल तत्व अहिंसा को गांधी जी ने सर्वोपरि माना था। उसी के बल पर उन्होंने भारत को स्वतंत्र करवा कर देश में एकता, मानवता, भाईचारा का संदेश जन-जन में फैलाया। उनका जन्म मानो भारत का ही जन्म दिन हो ऐसा आज लग रहा है। अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर के जियो और जीने दो इस संदेश को पुनर्जीवित करने वाले महात्मा गांधी का व्यक्तित्व सर्वोत्कृष्ट देशभक्ति का है। इसी को हम सभी अंगीकृत करें। प्रतिक जैन सेठी ने बताया कि पूज्य गुरुमां ससंघ की आहारचर्या कराने का सौभाग्य सुरेश जैन झिलाई सपरिवार ने प्राप्त किया। इसी के साथ शुभम जैन झांतला एवं अविरल जैन मंगल विहार जयपुर सपरिवार ने पूज्य गुरु मां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर आगामी नवरात्रि एवं दशहरा महोत्सव के पावन अवसर पर 10 दिवसीय आराधना महोत्सव का भव्य आयोजन चातुर्मास समिति के द्वारा किया जा रहा है। आप सभी इस महायोजना में पधारकर पुण्यार्जन करें।



## वेद ज्ञान

# विचार ऊर्जा का महत्व

विचार एक ऊर्जा (एनर्जी) है, जो मनुष्य के अंतःकरण में प्रकट होती है। जिस प्रकार मन के विकार से काम, क्रोध, लोभ आदि मनोवेग पैदा होते हैं, उसी प्रकार मन के विकार से विचार भी पैदा होता है। अभी तक हम विचार को भाव समझते रहे हैं, जिसका कोई अर्थ नहीं माना जाता था। हम यही समझते थे कि हवा के झोकों की तरह कुछ बात मन में उठती है और सागर की लहर की तरह विलीन हो जाती है। अब तक सागर की लहर को भी ऊर्जा नहीं माना जाता था, लेकिन अब यह बात सिद्ध हो चुकी है कि सागर की लहर में अपार ऊर्जा है। विचार मन का वेग है। जिस प्रकार काम, क्रोध के वेग से मनुष्य का व्यक्तित्व प्रभावित होता है, उसी प्रकार विचार के वेग से मनुष्य का संपूर्ण व्यक्तित्व प्रभावित होता है, लेकिन हमें उसका अनुभव नहीं है। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी संवेदनशीलता अभी तक हमने पैदा नहीं की है। हमारा सेंस ऑर्गेन इतना संवेदनशील नहीं है कि विचार की उत्पत्ति के मूल स्रोत को जान सकें। इसलिए हमें पता नहीं चलता कि मन में विचार कहां से उत्पन्न होता है और कहां चला जाता है। विज्ञान अब पूरी तरह मानने लगा है कि विचार एक ऊर्जा है और बहुत ही शक्तिशाली ऊर्जा है। यह वेगवान भी है जो किसी भी वस्तु को आसानी से प्रभावित कर सकता है। पदार्थ एक स्थूल वस्तु है और विचार एक अतिसूक्ष्म ऊर्जा। इसीलिए वैज्ञानिकों का मानना है कि इसे अदृश्य और सूक्ष्म ऊर्जा से पदार्थ को आसानी से प्रभावित किया जा सकता है। हाल ही में रूस के वैज्ञानिकों ने प्रयोग करके सिद्ध कर दिया है कि विचार के परमाणु पदार्थ के परमाणु को आसानी से प्रभावित कर देते हैं। विचार के परमाणु में वेग अधिक होता है और पदार्थ का परमाणु किसी स्थूल वस्तु में छिपा रहता है। इसलिए उसमें वेग कम होता है। शायद इसीलिए आइंस्टीन ने कभी कहा था कि जो पदार्थ तुम देखते हो, वह तरंग है, ऊर्जा है, क्योंकि पदार्थ की अंतिम परिणति ऊर्जा है। पदार्थ से ही ऊर्जा बनती है और ऊर्जा से ही पदार्थ बनता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। विज्ञान कहता है कि ऊर्जा का नाश नहीं किया जा सकता, उसका रूपांतरण हो सकता है। तब तो स्पष्ट हो गया कि काम, क्रोध आदि मन से उत्पन्न विचार पूर्ण रूप से ऊर्जा हैं।

## संपादकीय

# भारत का अमन का पैगाम...

पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर हमारे प्रधानमंत्री ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि दुनिया में आतंकवाद का किसी भी रूप में समर्थन नहीं किया जा सकता, पर पश्चिम एशिया में शांति को लेकर भारत प्रतिबद्ध है। बंधकों की सुरक्षित रिहाई भी सुनिश्चित होनी चाहिए। भारत सदा से आतंकवाद के विरुद्ध रहा है। अमेरिका के विश्व व्यापार केंद्र पर आतंकी हमले के बाद जब



दुनिया के अनेक देशों ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध छेड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की थी, तब भारत उनमें अगली कतार में शामिल था। मगर अभी तक दुनिया भर में चले अभियानों का इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा नजर नहीं आया है। मगर भारत जहां भी मौका मिलता है, इस जरूरत को रेखांकित करता रहता है। पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय मंचों से कह चुके हैं कि कुछ देश अपनी विदेश नीति में आतंकवाद का समर्थन करते और कुछ देश आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई रोकने का परोक्ष प्रयास करते हैं। दरअसल, भारत खुद आतंकवाद से पार पाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। इजराइल को उसके पड़ोसी फिलिस्तीन, लेबनान और यमन के आतंकी संगठनों से चुनौती मिलती रही है। इन दिनों वह उनसे आरपार की लड़ाई में जुटा हुआ है। मगर जिस तरह इजराइल हमास, हिजबुल्लाह और हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है, उसमें बहुत सारे बेगुनाह लोग मारे गए हैं और मारे जा रहे हैं। उसमें अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों की भी अनदेखी हो रही है। अस्पतालों, स्कूलों तक को निशाना बनाया जा रहा है। बहुत सारे रिहाइशी इलाके ध्वस्त किए जा चुके हैं। बीमार और लाचार लोगों तक जरूरी सुविधाएं भी नहीं पहुंच पा रहीं। हिजबुल्लाह के कमांड हसन नसरल्लाह को मार गिराने के बाद इजराइल ने अपना रुख यमन के हूती विद्रोहियों की तरफ केंद्रित कर दिया है। वहां भी वैसी ही तबाही की आशंका है, जैसी फिलिस्तीन के गाजा पट्टी और लेबनान के बेरूत में देखने को मिली है। इसमें सारी दुनिया की चिंता मानवाधिकारों के हनन को लेकर पैदा हो गई है। आतंकवादियों पर हमले से शायद ही किसी को एतराज हो, पर जिस तरह बेगुनाह लोग, स्त्रियां, बूढ़े और बच्चे मारे जा रहे हैं, फिलिस्तीन में बहुत सारे लोग बंधक बनाए गए हैं, वह स्वाभाविक ही परेशान करने वाली बात है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने नेतन्याहू से शांति की अपील की है। कुछ दिनों पहले अमेरिका और ब्रिटेन ने भी कोशिश की थी कि वे इजराइल को इक्कीस दिन के युद्ध विराम पर राजी कर लें, मगर नेतन्याहू ने उनके प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि जब तक वह आतंकी संगठनों का सफाया नहीं कर लेगा, तब तक उसका अभियान नहीं रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के मंच से भी नेतन्याहू ने यह बात स्पष्ट कर दी थी। अब उन्होंने ईरान के लोगों को सीधे संबोधित करते हुए कहा कि ईरान का शाह आप लोगों के साथ गद्दारी कर रहा है, वह जो पैसा आतंकवाद को पोसने पर खर्च कर रहा है, अगर वह वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और दूसरे विकास कार्यक्रमों पर खर्च हो, तो तरक्की के नए आयाम खुलेंगे। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचार

भारतीय संस्कृति में सदा से ही बड़ों के आदर-सम्मान की परम्परा रही है, लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचार की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवन-यापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। जबकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए, लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया। 1991 में 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'गरिमा के साथ वृद्धावस्था दुनियाभर में वृद्ध व्यक्तियों के लिए देखभाल और सहायता पण्ालियों को मजबूत करने का महत्व' विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय के बारे में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का कहना है कि आइए, हम देखभाल और सहायता पण्ालियों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हों, जो वृद्धजनों और देखभाल करने वालों की गरिमा का सम्मान करती हों। भारतीय समाज में सयुंक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है, लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुरगे से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुरगे की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुरगे के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुरगे को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुरगे का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था, लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है।

# जयपुर की वाणी जैन को नवाजा जाएगा भारत के कोहिनूर अवार्ड 2024 से



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

देश की राजधानी दिल्ली में चेस प्लेयर वाणी जैन को भारत के कोहिनूर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। Hope आशा की एक नई किरण संस्था द्वारा भारत की राजधानी दिल्ली में होनहार चेस प्लेयर, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलकर बहुत सारे रिकॉर्ड अपने नाम करने वाली वाणी जैन को भारत के कोहिनूर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। वाणी पहले भी बहुत-सी बार अलग-अलग जगह पर सम्मानित की जा चुकी है। Hope आशा एक नई किरण संस्था के अध्यक्ष डॉ कबीर टाइगर ने बताया कि वाणी जैन मानसरोवर जयपुर स्थित महात्मा गांधी सरकारी स्कूल कक्षा 9 की छात्रा उम्र 13 वर्ष मध्यवर्गीय संयुक्त परिवार से है। वर्तमान समय में शतरंज की बहुत अच्छी खिलाड़ी है।

# श्री 108 वीरसागर जी महाराज का समाधि दिवस पर हुए आयोजन

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर जी । स्थानीय श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर श्री महावीरजी मे चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री 108 शांतिसागर जी महाराज के प्रथम पट्टाचार्य श्री 108 वीरसागर जी महाराज का समाधि दिवस आसोज बदी अमावस्या 2 अक्टूबर बुधवार को परमपूज्य आचार्य श्री 108 धर्मसागर जी महाराज से दीक्षित परम शिष्या परमपूज्य आर्यिका श्री 105 श्रुतमती माताजी, आर्यिका श्री 105 सुबोधमति माताजी के पावन सानिध्य मे प्रातः पंचामृताभिषेक शांतिधारा दोपहर 1बजे से श्री शांतिनाथ पूजन विधान आचार्य श्री 108 वीरसागर जी महाराज की पूजन कर विनयांजलि सभा तत्पश्चात आचार्य श्री के जीवन पर प्रश्नमंच किया गया, जिसमे विजेता को पुरस्कार वितरण किये पूज्यनीय माताजी के आशीर्वाद लेने प्रेमचंद्र नैनवा वाले दीक्षार्थी पंचम पट्टाचार्य श्री 108 वर्धमान सागरजी महाराज से पारसोला मे दीक्षा ग्रहण करेंगे भैयाजी की शांतीवीरनगर ट्रस्ट कमेटी द्वारा गोद भराई की गई । पूजन विधान के पुण्यार्जक परिवार अशोक सुकुमालचंद, मुकेश जैन बोहरा सपरिवार मौजमाबाद निवासी, पारितोषिक पुण्यार्जक परिवार, विजय विपिन देवांशु सेठी परिवार मेडतारोड़ निवासी एंव पूजन विधान मे अशोक भानंजा निवाई कैलाश चौरु संजय संगीता बोहरा शांतीवीरनगर अरविन्द जैन सुरेन्द्र जैन संदीप जैन गुरुकुल के छात्रगण संस्थान द्वारा अतिथियों का माला तिलक से सम्मान किया गया।




# तीये की बैठक



हमारे पूज्यनीय

**श्री अशोक जी बख्शी**

( सुपुत्र स्व. श्री बख्शी भाग चन्द जी )

का स्वर्गारोहण दिनाँक 1.10.2024 को हो गया है।

तीये की बैठक गुरुवार, 3.10.2024 को

**महावीर स्कूल (सी-स्कीम)**

**पर प्रातः 9 बजे होगी।**

**शोकाकुल:**

शांति देवी बख्शी ( माताजी )

पवन लता बख्शी ( पत्नि )

सुनील- मधुलिका बख्शी ( भ्राता-भ्राताबहु )

अंकित-मेहा, नमन-निकिता, अनंत-राशिका ( पुत्र-पुत्रवधू )

अंकिता- प्रतीक जी जैन ( पुत्री-दामाद )

निर्वाण, अधिराज, अविरल ( पौत्र )

आव्या ( दोहिती )

अरुणा-स्व. श्रीप्रकाशचंद जी जैन, हेमलता-स्व. श्री एम पी जैन, कुसुम-डॉ. एन एम जैन ( बहन-बहनोई )

प्रीति-सुबोध सरावगी, दीपाली-नवीन संघी, नीना-विशाल अजमेरा, सोनाली-संजय पाटनी ( भांजी-दामाद )

पंकज-प्रिया, दीपक-मनीषा, दिव्य-साक्षी ( भांजा-बहु )

**ससुराल पक्ष:**

नेमीचंद, पदम चंद, प्रवीण चंद, महेंद्र कुमार, पंकज कुमार, महेश कुमार एवं समस्त खजांची परिवार,जयपुर।

मो.: 9929090242

# पोदार जंबो किड्स प्लेटिनम ने गांधी और शास्त्री जयंती पर किए अनेक आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पोदार जंबो किड्स प्लैटिनम ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लाह से गांधी जी और शास्त्री की जयंती मनाई ।कार्यक्रम की थीम ''सद्भावना के नायक गांधीजी और शास्त्री जी'' रही। महात्मा गांधी जी जो की पोदार एजुकेशन ग्रुप के पहले प्रेसिडेंट थे, जिन्हें सरोजिनी जी प्रेम से इंडियन मिकी माउस बुलाती थी तथा शास्त्री जी जिनका नारा था जय जवान जय किसान। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को इन महान नायकों के जीवन से जोड़ना और उनके नक्शे कदम पर चलना था, ताकि वह देश का भविष्य उज्जवल करें ।इस कार्यक्रम में अनेक गतिविधियों जैसे की दांडी मार्च, नमक सत्याग्रह, बापू की वाटिका, कठपुतली शो, कुम्हार के कार्य आदि का आयोजन किया गया। पोदार एजुकेशन ग्रुप के अध्यक्ष राघव पोदार ने बताया कि हमारा विद्यालय इस तरह के आयोजन करता रहता है जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है।

# सिमरन ने 200 घंटे का योग प्रशिक्षण किया पूरा, बनी योग गुरु




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** शहर की 18 वर्षीय बालिका सिमरन पाहुजा ने समत्वं योग शाला में 200 घंटे का योग शिक्षण प्रशिक्षण पूर्ण किया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण लेने से पूर्व उन्हें लगता था कि आसन और प्राणायाम ही योग है। लेकिन प्रशिक्षण के दौरान अनुभव किया कि योग हमारी जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे हम अपने शरीर की व्याधियों को दूर कर सकते हैं। योग प्रशिक्षण पूर्ण कर अब वे योग के माध्यम से योग गुरू बन कर लोगों के जीवन में सकारात्मक उर्जा लाने का प्रयास कर रही हैं। **-रिपोर्ट फोटो: दिनेश शर्मा**

# ऑल इंडिया भैरव दरबार संस्था ने अमावस्या पर अन्नदान किया

**बैंगलोर. शाबाश इंडिया**

केंपेगौड़ा स्थित महाराजा कंपलेक्स के प्रांगण में अमावस्या के अवसर पर गरीबों एवं जरूरतमंदों के लिए अन्नदान का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें ऑल इंडिया भैरव दरबार के संस्थापक अध्यक्ष महेश चौधरी ने अपने स्वर्गीय माता- पिता की पुण्य स्मृति में यह अन्नदान किया। अन्नदान कार्यक्रम में लगभग 2000 से भी ज्यादा जरुरतमंदो को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया भैरव दरबार के महावीर जैन, जय चौधरी, जिनदत्त चौधरी, प्रकाश, पवन, बाबू एवं सैयद आदि उपस्थित थे।



# जेएसजी-स्वास्तिक द्वारा "एक कदम जिनालय की ओर" के तहत भव्य तीर्थ यात्रा







**उदयपुर. शाबाश इंडिया**




जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक के बहुचर्चित कार्यक्रम 'एक कदम जिनालय की ओर' के ग्यारहवें चरण में उदयपुर शहर से बाहर द ट्रैवल हाउस बस द्वारा प्रसिद्ध देव नगरी सिरोही में स्थित विभिन्न प्राचीन तीर्थों की यात्रा कराई गई। स्वास्तिक ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष धीरज छाजेड़ ने बताया कि श्रीबामनवाड जी का मंदिर अत्यंत प्राचीन है। किंवदंती है कि भगवान महावीर स्वामी का विचरण क्षेत्र सिरोही देवनगरी भी रहा था। इसी सिरोही देवनगरी में श्रीबामनवाड तीर्थ में जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के कानों में किले ठोकने वाला उपसर्ग हुआ था। इस उपसर्ग के कारण महावीर स्वामी के जोर से कराहने के कारण वहां स्थित पहाड़ी में दरार पड़ गई थी, जिसका प्रमाण आज भी प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। इसी जगह पर महावीर स्वामी के पद चिन्ह भी मौजूद है। यह मंदिर लगभग 2600 साल पुराना है। इसका प्रमाण यहां पर मौजूद 750 वर्ष पूर्व 1292 ई. में लिखे गए शिलालेख में भी मिलता है। यहां पर स्वर्णाक्षरों से लिखा गया नवनिर्मित आगम जैन मंदिर भी है, जिसमें मंदिर की सभी दीवारों पर आगम सूत्र उकेरा गया है। स्वास्तिक ग्रुप के मीडिया प्रभारी संजय धाकड़ ने बताया कि सिरोही में ही स्थित जीरावला पार्श्वनाथ तीर्थ में सभी सदस्यों ने अति प्राचीन चमत्कारी मूर्ति के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में एक ब्राह्मण लड़के की गाय हर दिन जीरावाला में एक गुफा के पास अपना दूध गिराती थी। ब्राह्मण लड़के से इस बारे में सुनने पर, जैन सेठ धन्ना शाह ने एक पार्श्वनाथ की मूर्ति का सपना देखा, जहां गाय दूध डालने जाती थी। खोज के बाद, मूर्ति उसी स्थान से मिली और मूर्ति को आचार्य देवगुप्त सूरी ने 894 ई. में स्थापित किया। ग्रुप के सचिव गौरव सुराणा ने माउंट आबू पहाड़ी की तलहटी में



निर्मित भेरूतारक जैन तीर्थ की प्राचीनता एवं भव्यता के बारे में सदस्यों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि भेरूतारक तीर्थधाम प्राचीन अर्बुध, नंदगिरि की घाटी में स्थापित है। पूरी घाटी ऋषि मुनियों के आश्रमों की एक अच्छी बस्ती का प्रतिनिधित्व करती है। इस घाटी से पहाड़ी रास्ता माउंट आबू की नक्की झील तक जाता है। इस मार्ग का प्रयोग प्राचीन काल में राजाओं, ऋषि मुनियों के साथ अंग्रेज कर्नल जेम्स टॉड द्वारा भी किया जाता रहा था। यह मंदिर सफेद संगमरमर से बना है और पार्श्वनाथ के शहस्त्र फना (नाग के एक हजार फन) को समर्पित है। यात्रा संयोजक पंकज जैन ने सम्पूर्ण यात्रा की जानकारी एवं जैन इतिहास की विशालता के बारे में सदस्यों को विस्तार से बताया। पावापुरी तीर्थ में प्रभु दर्शन के पश्चात गौशाला में वीरेंद्र कावड़िया, यशवंत तलेसरा, कुशल प्रकाश लोढ़ा, संजय कावड़िया, राजेश सिसोदिया, राजेंद्र हिंगड़, जितेंद्र कोठारी, विनीत पामेचा, नवीन सुराणा आदि के नेतृत्व में गायों को हरा चारा एवं रोटियों का आहार करवाया। ग्रुप उपाध्यक्ष विमलचंद कटारिया ने नवनिर्मित विजयपताका तीर्थ में मां सरस्वती के उकेरे गए सम्पूर्ण सूत्रों, मंत्रों के बारे में सभी को जानकारी दी। कविता सुराणा, चंचल छाजेड़, भावना कावड़िया, अनिता धाकड़, शीला लोढ़ा, सरिता कटारिया, रश्मि कोठारी, सीमा कावडिया, माधवी हिंगड़, विजया सुराणा आदि ने विभिन्न तीर्थों में भजन, स्तवन द्वारा भक्तिरस की धारा बहा दी। पांचों तीर्थ दर्शन करने के बाद सदस्य इतने भाव विभोर हुए की उन सभी ने आने वाले समय में इन तीर्थों में कुछदिन रुक कर सेवा पूजा करने का प्रण लिया।

अवतरण दिवस 3 अक्टूबर व दीक्षा दिवस 11 अक्टूबर पर विशेष

# अभीक्षण ज्ञानोपयोगी वात्सल्य मूर्ति आचार्य श्री १०८ वसुनन्दी महामुनिराज

## जहाँ आशीर्वाद के साथ मिलता है वात्सल्य ही वात्सल्य

राष्ट्र संत आचार्य श्री १०८ विद्यानन्द जी मुनिराज के सुयोग्य शिष्य एवं विश्व भर में मीठे प्रवचन कर्ता के नाम से विख्यात आचार्य श्री १०८ वसुनन्दी जी महामुनिराज ने अपना आत्म कल्याण का मार्ग बाल्य अवस्था से ही चुन लिया था और :21 साल 1 माह 12 दिन की उम्र में दिनांक 11/10/1989 आश्विन सुदी 11 वि.संवत 2046 बुधवार स्थान :भिंड में मुनि दीक्षा ग्रहण कर ली थी।

## वैराग्य का वेग

03 अक्टूम्बर 1967 को विरौंधा मनिया (धौलपुर) में सौभाग्यवती त्रिवेणी देवी धर्म पत्नी श्री ऋषभ चंद जैन की कुक्षी से अवतरित बालक दिनेश जैन ने बी. कॉम. तक की लौकिक शिक्षा ग्रहण की। आगे सी.ए. के लिए जयपुर की ओर बढ़ते कदम अचानक वैराग्य के वेग से मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ गए और उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, कन्नड़, प्राकृत, उर्दू, अपभ्रंश, मुडिया, शोर्ट हैण्ड, गुजराती, ब्राह्मी लिपि, तमिल, बुन्देली सहित कई भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया तथा अब तक 350 के करीब ग्रंथ संपादित किए है।

## वसुनन्दी उवाच

इनकी प्रसिद्ध पुस्तकेंः मीठे प्रवचन, वसुनंदी उवाच, धर्म संस्कार ,सर्वोदयी नैतिक धर्म, दशामृत, आहार दान के अचिन्त्य फल, धर्म बोध संस्कार आदि है।बृहद प्राकृत ग्रंथ 'अशोक रोहिणी' चरित्र नामक महाकाव्य, जो दिगंबर जैनाचार्य द्वारा लिखित अब तक का सबसे वृहद महाकाव्य है।

## धर्म प्रसार-पद विहार

एक वर्षाकाल से दूसरे वर्षा काल अर्थात्करीब आठ माह में 2000 किलोमीटर का पद विहार करते हुए साधु जीवन में 40000 से 45000 किलोमीटर का पद विहार कर राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु , झारखण्ड , दिल्ली में इन्होंने तथा इनके उपसंघों ने 'धर्म बचाओ धर्म सिखाओ की अलख जगायी है।

## धर्म प्रभावक योगी

जैनम जयतु शासनं विश्व कल्याण कारकम्का घोष करने वाले वात्सल्य मूर्ति , अभीक्षण ज्ञानोपयोगी, युवा मनीषी, अध्यात्मिक संत, आदर्शोतम शिष्य, तपोनिधि, गुणसागर, वात्सल्य रत्नाकर, उपसर्ग विजेता, बाल योगी, वात्सल्य निधि, साधना के शिखर पुरुष, अध्यात्म सरोवर के राजहंस, तीर्थोद्धारक, लोह पुरुष, गुरु सेवक, जिनधर्म प्रभावक, ज्ञान ध्यान तप में लीन, कुशल संघ संचालक, सरल मना, वात्सल्य की खदान, आचार्य श्री १०८ वसुनंदी जी गुरु से दीक्षा प्राप्त कर बहुत से मुनि आर्यिकाए अपनी आत्म साधना में लीन रहते हुए धर्म प्रभावना कर रहे है।

## ग्रंथ और सन्त जिन शासन के प्राण



जैन ग्रंथ प्रकाशन एवम् संरक्षण हेतु ''निर्ग्रंथ ग्रंथमाला समिति'' तथा साधु सन्तों के आहार विहार आदि व्यवस्थाओ के लिए राष्ट्रीय स्तर पर धर्म जागृति संस्थान जैसी संस्थाएं तथा जम्बूस्वामी तपोस्थली बोलखेड़ा, जिनशासन अजमेर, चन्द्रांचल तीर्थ बाड़मेर , विद्यानंद स्थल नोएडा, सन्त स्थल जोधपुर जैसे कई क्षेत्र है जिनका विकास इनकी प्रेरणा का ही परिणाम है ।

## अहिंसक आहार वर्ष 2024

आचार्य श्री ने भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाणोत्सव वर्ष को अहिंसक आहार वर्ष घोषित किया है जिसके तहत देश विदेश में कई कार्यक्रम आयोजित है।राजस्थान प्रान्त में प्रांतीय स्तर पर वृहद् पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पूरे प्रदेश से पाँच सो से अधिक ज्ञान वर्धक प्रभावी व स्तरीय पोस्टर प्राप्त हुए थे।

## जयपुर सोभाग्य

जयपुर का सोभाग्य है की यहाँ आचार्य श्री एवं इनके सभी उप संघों का कभी न कभी प्रवास रहा है। जैन नगरी जयपुर के जैन समाज का आचार्य श्री के प्रति विशेष जुड़ाव रहा है। जयपुर में वर्ष 2011, 2015, 2019, 2020, 2022, 2023, 2024 में आचार्य श्री ससंघ के तथा छ उप संघों के चातुर्मास के अलावा आचार्य श्री एवम् उपसंघों के सानिध्य में बड़े-बड़े धार्मिक अनुष्ठान एवम् पंचकल्याण भी हुए हैं।इस वर्ष का चातुर्मास फिरोजाबाद में करते हुए आचार्य श्री ने मैंरे जैसे कई भक्तजनों का पथ प्रदर्शन व उत्साह वर्धन किया है ।परम पूज्य आचार्य श्री को हम सब भक्त जन का बारम्बार शत शत वन्दन शत शत नमन।



पदम जैन बिलाला
प्रांतीय अध्यक्षः अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान, राजस्थान

# डॉ. मनीषा के अमूर्त चित्र मुंबई जहांगीर में प्रदर्शित



उदयपुर. शाबाश इंडिया

नाथद्वारा की डॉ. मनीषा साँचीहर के अमूर्त चित्रों की प्रदर्शनी 'मेटल केनवास स्टोन' का उद्घाटन मुंबई की प्रसिद्ध जहांगीर आर्ट गैलेरी में बॉम्बे आर्ट सोसाइटी अध्यक्ष राजेन्द्र पाटिल, MIT यूनिवर्सिटी डीन प्रो. मिलिंद धोबले, प्रख्यात वास्तुकार संजय पुरी, रूपेश-अर्चना बेद और फिल्म अभिनेता अनुज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. मनीषा ने इन अमूर्त चित्रों में अपनी आंतरिक जगत की यात्रा और संवेदना को रंगों से केनवास पर उकेरा है। पुणे स्थित MIT यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. साँचीहर ने इस प्रदर्शनी में 28 पेंटिंग्स में से उद्घाटन पूर्व ही ''सीस्केप'' शीर्षक पेंटिंग आर्ट कलेक्टर द्वारा खरीदी गई। प्रदर्शनी में चरण शर्मा ने कलाक्षेत्र में अपनी जन्म भूमि नाथद्वारा का नाम रोशन करने पर मनीषा को शुभकामनाएं दी। जहांगीर आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी के कुछ माह बाद यही चित्र उदयपुर में प्रदर्शित किए जाएंगे।

रिपोर्ट/फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप'


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# आज रवाना होगी श्री महावीर जी के लिए पदयात्रा

## जैन धर्म की प्रभावना के लिए जायेगी पदयात्रा

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री महावीर दिगंबर जैन पदयात्रा संघ के तत्वाधान में जयपुर से श्री महावीर जी की 77 वी पदयात्रा 3 अक्टूबर को गुरुवार को आगरा रोड स्थित संघी जी की नसिया से रवाना होगी । संघ के संरक्षक तारा चंद बैद एवम संयोजक मंगलेश जैन( मटरू ) ने बताया कि पदयात्रा में महिलाये भी बड़ी संख्या में शामिल होगी। पद यात्रा के प्रचार प्रसार संयोजक महेश बाकलीवाल के मुताबिक शाम 4 बजे पदयात्रा को संरक्षक ताराचंद बैद एवम राजकुमार कोठारी ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पूर्व पदयात्रा का बहुरंगिय पोस्टर का विमोचन भट्टारक जी की नसिया में तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राजस्थान आँचल के अध्यक्ष राजकुमार कोठारी महामंत्री मनीष बैद संगठन मंत्री महेश बाकलीवाल ने किया। पोस्टर के विमोचन के अवसर पर किशोर काला, आशीष शाह (चेतु), विनोद बड़जात्या, विकास छाबड़ा(डिम्पल), इन्द्र अजमेरा, मिनित चाँदवाड, मंगलेश जैन (मटरू), महेश बाकलीवाल मोजूद रहे।




# बालेसर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन



**बालेसर. शाबाश इंडिया**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निंबो का गांव, भारती एयरटेल फाउंडेशन के क्वालिटी सपोर्ट कार्यक्रम के तहत चार विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। प्रधानाचार्य एवं पी.ई.ई.ओ. पन्नालाल चौहान ने बताया कि 68 वी राज्यस्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता नागौर में आयोजित हो रही है। उस हेतु जोधपुर ग्रामीण की टीम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निंबो का गाँव के विद्यार्थी छात्र वर्ग में शंभु सिंह व हरीश एवं छात्रा वर्ग में सरस्वती व मनीषा राखेचा का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे । खेल प्रभारी एवं जोधपुर रग्बी कोच कैलाश कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु 30 सितंबर से प्रशिक्षण चल रहा है एवं 3 अक्टूबर को नागौर रवाना होंगे ।विद्यालय के शारीरिक शिक्षक कैलाश कुमार स्वयं राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार निर्णायक के रूप में अपनी सेवाए देंगे। इस उपलक्ष में विद्यालय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने खुशियाँ व्यक्त की।



# जैन मिलन भिंड द्वारा सद्भावना एवं विश्व शांति हेतु मिनी मैराथन आयोजित



**सोनल जैन. शाबाश इंडिया**

भिंड। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 के आव्हान पर जैन मिलन महिला चंदना भिंड द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2550 वें निर्वाण महोत्सव वर्ष एवं गांधी जयंती के अवसर पर विश्व शांति हेतु मिनी मैराथन का आयोजन इंदिरा गांधी चौराहे से शास्त्री चौराहे होते हुए उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 तक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश संजीव श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया एवं जिलाधीश महोदय नगर पालिका सीएमओ यशवंत वर्मा एवं खेल प्रशिक्षक राधे गोपाल यादव और अन्य अतिथियों ने बच्चों के साथ दौड़कर उनका उत्साह वर्धन किया। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 अंतर्गत मुख्य आयोजित शाखा जैन मिलन महिला चंदना एवं सहयोगी शाखाएं जैन मिलन महिला जैन मिलन महिला जिनवाणी जैन मिलन महिला अंजना जैन मिलन महिला त्रिशला द्वारा आयोजित मिनी मैराथन के मुख्य अतिथि जिलाधीश महोदय ने कहा इस प्रकार के आयोजन से हमें सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। हमारा शरीर स्वस्थ रहता है आज गांधी जयंती के अवसर पर स्वस्थ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है। हमें अपने आसपास गंदगी नहीं होने देना है सफाई का विशेष ध्यान रखना है जिससे हमारा जीवन स्वस्थ हो सके आज भिंड इतिहास में पहली बार महिलाओं द्वारा आयोजित मिनी मैराथन ने नारी शक्ति को एक सुदृढ़ इच्छा शक्ति प्रदान की है । इस भव्य आयोजन के लिए में जैन मिलन महिला चंदना और उनकी सहयोगी शाखाओं को बधाई देता हूं, मुख्य अतिथि जिलाधीश महोदय द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को नगद राशि प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गय। आज के कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका सीएमओ यशवंत सिंह खेल प्रशिक्षक राधे गोपाल यादव उट राइस विद्यालय प्राचार्य पीसी चौहान जैन विद्यालय प्राचार्य राकेश जैन वार्ड पार्षदपति राहुल जैन मंचासीन रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष नीतू जैन पहाड़िया द्वारा की गई एवं कार्यक्रम का संचालन धीरज सिंह गुर्जर ने किया। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉक्टर एस के जैन शाह विमल राजकुमार जैन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कार्यक्रम पभारी रेखा जैन , क्षेत्रीय पदाधिकारी सुनील जैन, राखी जैन स्नेहलता जैन नम्रता जैन, सपना जैन, विपुल जैन श्याम जैन संजीव जैन रविंद्र जैन बबलू सिंधी एवं महिला शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे, कार्यक्रम उपरांत स्वल्पाहार की व्यवस्था शाखा द्वारा की गई।

# आदिनाथ पब्लिक स्कूल में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बुधवार को सांगानेर स्थित आदिनाथ पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी जी एवम लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । इस अवसर पर प्री - प्राइमरी के नन्हे - मुन्ने विद्यार्थियों ने गांधी जी , शास्त्री जी, महारानी लक्ष्मी बाई सहित अनेक स्वतंत्रता - सैनानियों की वेशभूषा में आकर सभी को आनंदित किया। कक्षा पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी दी । कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों को एक ज्ञानवर्धक फिल्म भी दिखाई गई। विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ पवना शर्मा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बातों की जानकारी देते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# आचार्य विनम्र सागर महाराज का 62वां अवतरण बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**सोनल जैन.शाबाश इंडिया**

भिंड। मंगलवार को भिंड सकल जैन के लोगों ने श्री 1008 महावीर कीर्ति स्तंभ दिगम्बर जैन मंदिर लश्कर रोड पर आचार्य विनम्र सागर महाराज का 62 वाँ अवतरण बडे धूमधाम से मनाया। परम पूज्य गुरुदेव जिन मंदिर जीर्णोद्वारक संत, प्रशांत मूर्ति श्रमण मुनि श्री 108 विनय सागर जी गुरुदेव के सानिध्य में आज श्री 1008 महावीर कीर्तिस्तंभ मंदिर में बड़े ही धूम धाम से आचार्य श्री का 62 वां अवतरण दिवस मनाया गया पुण्य शुद्धि वर्धक वषायोग कमेटी, जिनागम पंथी जैन मित्र मंडल, जैन मिलन अंजना, गुरु सेवा परिवार, सोशल ग्रुप, विनय सागर युवा आर्मी, क्रिस्टल ग्रुप ने आचार्य श्री की पूजा अष्ट द्रव्य थाली सजाकर की भक्तिमय संगीतकार सजल द्वारा करवाई गई जिस पर सभी ने आचार्य श्री की भक्तिमय पूजा का लाभ लिया कार्यक्रम के शुभाराम में पुण्य शुद्धि वर्धक वषायोग कमेटी ने आचार्य श्री के चित्र अनावरण कर दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद कार्यक्रम अपने निर्धारित समय पर पूर्ण हुए देशना जैन ने मंगलाचरण की भव्य प्रस्तुति दी उसके बाद कमेटी द्वारा सभी के वात्सल्य भोज की व्यवस्था कराई गई सभी ने प्रसादी ग्रहण की उसके बाद मुनि श्री ने प्रवचन दिए शाम को आचार्य श्री के आरती एवम मुनि श्री की आरती श्रावक श्राविकाएं ने की कमेटी द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवम लक्की ड्रा कूपन खोले गए।





# जैन मिलन परिवार द्वारा विश्व शांति हेतु की मैराथन

## भगवान महावीर स्वामी ढ़ाई हजार साल बाद भी प्रासंगिक: एस पी

## विश्व शांति के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए : कलेक्टर द्विवेदी




**शाबाश इंडिया।** अशोकनगर की भारतीय जैन मिलन की शाखाएं पार्श जैन मिलन, जैन मिलन, सेन्ट्रल जैन मिलन, महिला जैन मिलन अशोकनगर द्वारा आज जिला स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसके मुख्य संयोजक अतिवीर नरेश चंद्र जैन ने बताया कि इसमें 15 वर्ष से अधिक उम्र के 352 महिला पुरुष ने भाग लिया है मैराथन दौड़ का शुभारंभ विनीत कुमार जैन पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया मैराथन दौड़ का रूठ जैन मंदिर सुभाष गंज से गांधी पार्क ,फुट ओवरब्रिज, पछाड़ी खेड़ा रोड, शनि मंदिर शशीद्र राणा चोराहा से बापसे इसी मार्ग से होते हुए जैन मंदिर सुभाष गंज बापस हुई जहां मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सुभाष द्विवेदी जिला पंचायत सी ई ओ डां नेहा जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल मंत्री विजय धुर्रा राष्ट्रीय संयोजक नरेश जैन जैन मिलन अध्यक्ष नीलम जैन सहित साखा प्रमुखो दारा दीप प्रज्जवलित कर पुरूस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ किया गया ।

### ये रहे मैराथन दौड़ के विजेता

मैराथन दौड़ मैं पुरूष वर्ग ओर महिला वर्ग को अलग अलग पुरस्कार रखें गये थे जिससे प्रथम 3100 रू, द्वितीय 2100 रू, तीसरे 1100 रू एवं सात सांत्वना पुरस्कार सभी पुरूस्कार दोनों वर्ग को अलग अलग दिए गये ।दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार विजेता नीरज रधुवंशी , द्वितीय पुरस्कार विजेता विकास नरवरिया, तीसरे पुरूस्कार विजेता संदीप गुर्जर रहे। सांत्वना पुरस्कार पवन कुमार राय , महेन्द्र अहिरवार, नीरज लोधी , ब्रिजेन्द्र लोधी ,पंकज सिंह,दीपक लोधी पंजाब सिंह विजेता रहे। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार कु विशाखा यादव , द्वितीय पुरस्कार दामिनी राठौर तीसरे पुरूस्कार मुस्कान कुशवाह विजेता रहीं तथा सांत्वना पुरस्कार निशा अहिरवार ,ब्रिन्दा अहिरवार, शशि लोधी, दीक्षा रधुवंशी ,बर्षा लोधी , अंजलि शर्मा ,पूनम यादव विजेता रहीं जिनको अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

# होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर मीनल शर्मा का हुआ सम्मान




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री आदिनाथ धर्मार्थ चिकित्सा केंद्र में कार्यरत होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर मीनल शर्मा द्वारा प्राथमिक चिकित्सा विषय पर देश के विभिन्न भागो से आये प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसाइटी उड़ीसा के हेडक्वार्टर उड़ीसा द्वारा दिनांक 23से 27 सितंबर मे आयोजित किया। इस कार्यक्रम मे उड़ीसा राज्य के शासन सचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉक्टर मीनल शर्मा का सम्मान किया गया।



# 30 उपवास की तपस्या पर साध्वी प्रिती सुधा को आचार्य ने पद से किया अलंकृत समाज आदर की चादर ओढ़ाकर किया सम्मान



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रखर वक्ता डॉ.प्रिती सुधा जी म.सा.के मासखमण तपस्या के उपलक्ष्य में पंचायती नौहरा मुखर्जी चौक में तप अभिनन्दन समारोह रखा गया। महासती उमराव कंवर, साध्वी मधुसुधा,साध्वी संयमसुधा आदि के साथ मेवाड गौरव रविन्द्र मुनि आदि ने तप की अनूमोदना करतें हुए कहा कि मोक्ष के चार मार्ग बताए है, ज्ञान दर्शन चरित्र और तप ।ज्ञान दर्शन चारित्र की आराधना करना साधक के लिए सहज है, किन्तु तपस्या करना हर किसी के लिए वश की बात नहीं होती है। जिसका का मनोबल,आत्मबल, संकल्पबल मजबूत होता है वही तपस्या कर सकता है। आज साध्वी प्रिती सुधाजी ने 30 उपवास की तपस्या करके गुरु-गुरुणी और जिनशासन का गौरव बढ़ाया। श्रावक संघ के अध्यक्ष सुरेश नागौरी ने बताया सुरत मे विराजमान आचार्य सम्राट शिवमुनि जी महाराज ने प्रिती सुधा जी को तप कौमुदी के पद से अंलकृत प्रदान किया। इस दौरान राष्ट्रीय जैन कॉन्फ्रेंस के दिनेश भलगट,नवरतमल गुंदेचा,महेंन्द्र भंसाली,नथमल गांधी,प्रवीण बोहरा,मांगीलाल लुणावत, कांति लाल जैन,अनिल पुनमिया, अशोक पोखरना, हेमन्त आंचलिया, लक्ष्मणसिंह बाबेल ओर राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा पुष्पा गौखरु ,नीता बाबेल, संजुलता बाबेल आदि सभी ने आदर की चादर ओढ़ाकर साध्वी प्रितीसुधा को अभिनन्दन किया।

-प्रवक्ता निलिप्का जैन



# श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में जयपुर से 38वीं पदयात्रा पहुंची श्री महावीरजी

## पदयात्रियों ने जुलूस के रुप में नाचते-गाते किये भगवान महावीर के दर्शन

**श्री महावीरजी. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में शुक्रवार,27 सितम्बर को संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं संयोजक भाग चन्द गोधा के नेतृत्व में संघीजी की नसिया खानिया से रवाना हुई जयपुर से श्री महावीरजी की 38वीं पदयात्रा बुधवार 02 अक्टूबर को श्री महावीर जी पहुची। पदयात्री चांदनगॉव से जुलूस के रुप में रवाना होकर नाचते गाते बैंडबाजो के साथ मुख्य मंदिर पहुंचे जहां भगवान महावीर के सामूहिक दर्शन किये। इससे पूर्व कटले के मुख्य द्वार पर स्थानीय जैन समाज तथा दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र प्रबन्धकारिणी समिति की ओर से मैनेजर नेमी चन्द पाटनी व अन्य कार्मिकों ने पदयात्रियों के केसर का तिलक व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत करते हुए पदयात्रा की अगवानी की। पदयात्रा संघ के प्रचार प्रभारी विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि " ओम श्री महावीराय नमः" के सामूहिक जयघोष लगाते हुए पदयात्रियों ने भगवान महावीर के चरणों में अर्घ्य समर्पित करने के बाद कटला प्रांगण में विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए पूर्व संयोजक सूर्य प्रकाश छाबड़ा के निर्देशन में मंगल वन्दना की गई। तत्पश्चात मुनि प्रणम्य सागर महाराज द्वारा प्रेरित अर्हं ध्यान योग किया गया। इसके बाद आयोजित सामूहिक क्षमा वाणी कार्यक्रम में पदयात्रा के दौरान हुई त्रुटियों एवं तकलीफों के लिए संघ की ओर से संरक्षक सुभाष चन्द जैन व अन्य पदाधिकारियों ने क्षमा याचना की। इस मौके पर पदयात्रियों ने आपस में गले मिलकर, छोटो






द्वारा बडों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया व आपस में क्षमायाचना की गई। दोपहर में 3.00 बजे से कटला प्रांगण में संघ की ओर से धार्मिक ज्ञान प्रकाश प्रतियोगिता के 38 पुरस्कारों का वितरण के बाद पदयात्री सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि राजेन्द्र जैन मोजमाबाद,भंवर लाल सेठी - नीलम सेठी, रजनीश गोधा थे। मैना बाकलीवाल द्वारा मंगलाचरण सबसे पहले तुमको ध्याऊ जय जय जिनवाणी मां...... प्रस्तुत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। प्रत्येक पदयात्री को मंच पर बुलाकर संघ की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सूर्य प्रकाश छाबड़ा , विनोद जैन कोटखावदा, महेन्द्र गिरधरवाल, विनेश सोगानी ने किया। संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, पदयात्रा संयोजक भाग चन्द गोधा, पूर्व संयोजक सुरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा सलिल जैन, मैना बाकलीवाल, महेन्द्र गिरधरवाल, मनीष लुहाडिया, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, राज कुमार बडजात्या, विनोद जैन कोटखावदा, देवेन्द्र गिरधरवाल, जिनेन्द्र जैन, पवन जैन, सुशील जैन पदयात्रा के सह संयोजक महेश जैन, सोभाग मल जैन, दिनेश पाटनी, राजेश शाह, सुमित जैन , कुसुम सेठी मोना जैन एवं क्षेत्रीय सह संयोजक जितेन्द्र गंगवाल (जोबनेर), मुकेश पाटनी (चौमूं), अंकित जैन (बगरु), नितेश जैन (अजमेर), विक्रम जैन (खोराबीसल ), शैफाली काला (धौंद) विमल जैन (धूंधडी), सतीश जैन (खाटू श्याम जी ) आदि ने पदयात्रियों के तिलक, माल्यार्पण कर प्रतीक चिह्न भेट कर सम्मानित किया। इस मौके पर दशलक्षण महापर्व के दौरान दस दिनों के उपवास करने वाले पदयात्री मीनल जैन, अंजना काला, पंचमेरु के उपवास करने वाली दीपा गोधा, रत्नत्रय का तेला करने वाले योगेश जैन एवं पदयात्रा मार्ग में णमोकार महामंत्र की सबसे ज्यादा माला फेरने वाली विद्या देवी जैन, सबसे वयोवृद्ध पदयात्री महावीर प्रसाद जैन एवं सबसे छोटा पदयात्री दक्ष जैन को भी सम्मानित किया गया। संघ की ओर से इस मौके पर संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने पदयात्रा संघ की आगामी वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई तथा संयोजक भाग चन्द गोधा ने पदयात्रियों एवं सभी सहयोगियों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। सायंकाल भगवान महावीर की संगीतमय आरती के बाद भक्ति संध्या एवं जैन धार्मिक डांडिया का आयोजन किया गया। संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक शुक्रवार 03 अक्टूबर को प्रातः 8.00 बजे से सौधर्म इन्द्र - इन्द्राणी भाग चन्द - प्रेम लता गोधा के नेतृत्व में साजो के साथ मंदिर प्रांगण में शांति विधान पूजा का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर में पदयात्री बसों द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। पदयात्रा में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई।

# सेवा सप्ताह की शुरूआत हुई विश्व शांति रैली से






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रान्त 3233ए-1 द्वारा आज दिनांक 2.10.24 से सेवा सप्ताह की शुरूआत विश्व शांति रैली से प्रान्तपाल महोदय की गरिमामय उपस्थिति में राजस्थान चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन से चौड़ा रास्ता, बड़ी चौपड़, जोहरी बाजार, सांगानेरी गेट होती हुई पुनः चेम्बर भवन तक जयपुर के कई क्लब्स , रीजन जोन , व कई वी.आई.पी. ला. साथियों, कई स्कूल के बच्चो, महिलाओं व पुरुषों , बैंड बाजा, रथ, बग्गी आदि लवाजमे सहित, निकाली गई। जिसमें लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की अध्यक्ष सुमित्रा गोलियां, सचिव राधा रानी मित्तल, कोषाध्यक्ष नीता गोयल, जोन चेयरपर्सन महादेवी आर्य, सेवा सप्ताह कॉर्डिनेटर विजया कोठारी सहित अन्य कई महिलाओं द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर सेवा सप्ताह का शानदार आगाज किया।

## णमोकार मंत्र में पंच परमेष्ठी को नमन किया गया है : आर्यिका विज्ञमति माताजी



**एटा. शाबाश इंडिया।** पुरानी बस्ती स्थित बड़े जैन मंदिर जी में निरंतर चल रहे णमोकार मंत्र अखंड पाठ में श्री आदिनाथ महिला मंडल द्वारा बुधवार को भक्ति भावपूर्ण माताजी को अर्घ समर्पित कर महिलाओं ने सुंदर प्रस्तुति दी, वही शांति धारा श्रीमती रजनी मनोज जैन नंबरदार पुण्यार्जक परिवार द्वारा की गई। भारत गौरव आर्यिका विशुद्ध मति माताजी की शिष्या पट्ट गणिनी आर्यिका 105 श्री विज्ञमती माताजी ने णमोकार मंत्र के बारे में बताते हुए कहा इस मंत्र में पंचपरमेष्ठी को नमन किया गया है जैन परंपरा में सर्वोपरि उपासनीय देवाधिदेव अरिहंत, सिद्ध, अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ये पंच परमेष्ठी माने गए हैं,पहले अरिहंत प्रभु के आत्म साधना द्वारा चार अशुभ कर्म नष्ट होकर चार गुण प्रकट होते हैं अरिहंत अर्थात 'अरि' अर्थात शत्रु, 'हन्त' नाश करने वाला आत्मा के शत्रु कर्म है उनका नाश करने वाले अरिहंत कहलाते हैं, जिसने संपूर्ण कर्मो का नाश करके शुद्ध आत्म स्वरूप की प्राप्ति कर ली है वह सिद्ध भगवान है ,तीन परमेष्ठी आचार्य, उपाध्याय और साधु साधक दशा में है उनका लक्ष्य आत्म साधना द्वारा आत्मसिद्धि प्राप्त कर क्रमशः अरिहंत सिद्ध बनना है।इससे पूर्व रात्रि में जीतू एंड ग्रुप जयपुर द्वारा णमोकार महामंत्र का संगीतमय अखंड पाठ किया गया शाम को श्रावकों ने प्रभु एवं गुरु माँ की मंगल मय आरती एवं गुरु भक्ति की। इस अवसर पर सुधाकर जैन आरके जैन ,योगेंद्र जैन दिनेश जैन,प्रभा चंद्र जैन,सुभाष जैन, प्रवीण जैन,राहुल जैन, दीपू जैन,विक्की जैन, श्रीमती आशा जैन डॉक्टर रूपा जैन, सरोज जैन, स्नेहलता जैन, बबिता जैन, रक्षा जैन, तृप्ति जैन ,सुनीता जैन,गरिमा जैन, दीपा जैन अंजू जैन, रजनी जैन,मोना जैन, सोनिया जैन, ऊषा जैन, हेमा जैन एवं नीलम जैन सहित अनेकों श्रद्धालुओं ने उपस्थित रहकर धर्मलाभ लिया। बबिता जैन एटा से प्राप्त जानकारी।

**संकलनः अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी**

## कामां निवासी हजारीलाल जैन बने क्षुल्लक शुभ क्रिया सागर महाराज

### आचार्य श्री सौभाग्य सागर महाराज से नोयडा सेक्टर 27 में ली क्षुल्लक दीक्षा




**नोएडा. शाबाश इंडिया।** कामां निवासी श्री हजारीलाल जैन पुत्र मोतीलाल जैन अगोनिया ने नोएडा स्थित सेक्टर 27 में आचार्य श्री सौभाग्य सागर महाराज से क्षुल्लक दीक्षा ली है।इस अवसर पर आचार्य सौभाग्य सागर महाराज ने कहा कि हजारीलाल जैन ने अपने जीवन मे सभी क्रियाएं शुभ की है अतः इनका नाम क्षुल्लक श्री शुभ क्रिया सागर महाराज रखा गया है। हजारीलाल जैन के सुपुत्र स्व जवाहर लाल जैन के पुत्र सचिन जैन परिवार सहित कामां में निवास कर रहे हैं ने बताया कि बाबा प्रारम्भ से ही बड़े धार्मिक विचारों वाले रहे हैं यह दीक्षा भी उसी परिणाम है। जैन समाज कामां को एक और गौरव मिला है वास्तविक रूप से कामां धर्म नगरी है और संतों को जन्म देने वाली भी है कई संत आर्यिका क्षुल्लिका माताजी कामां की इस धरा पर जन्मी है और वर्तमान में भी दीक्षा लेकर जन्म भूमि का नाम सार्थक कर रहे हैं। पूर्व में कामां गौरव के रूप में प्रथम गणिनी आर्यिका रत्न विजय मति माताजी व मुनि श्री गुण भूषण जी महाराज,आर्यिका आदिमती माताजी,क्षुल्लिका विश्व श्री माताजी रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारीलाल जैन के पुत्र सतीश चंद्र जैन की धर्मपत्नी उर्मिला जैन वर्तमान में आचार्य श्री सौभाग्य सागर महाराज के संघ में क्षुल्लिका शुभमती माता जी के रूप में विराजमान है जिनकी आगामी 17 अक्टूबर को आर्यिका दीक्षा संपन्न होनी है ऐसे धर्म परायण परिवार की जैन समाज कामां ने बहुत बहुत अनुमोदना की है। इनके परिवार के द्वारा श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर दीवान जी में श्री 1008 पार्श्व नाथ भगवान की प्रतिमा विराजमान कराई गई थी। -**संजय जैन बड़जात्या कामां**

# अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में जयपुर में रचा इतिहास

**ओं अर्ह नमः के नाद से गूंजा एस एम एस स्टेडियम, हजारों लोगों ने अर्ह श्री के सान्निध्य में ओं अर्ह नमः का किया नाद**









## सवाई मान सिंह स्टेडियम में हुई अर्हं ध्यान योग कार्यशाला

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बुधवार की सुबह गुलाबी शहर, जयपुर ने सवाई मान सिंह स्टेडियम में एक नया इतिहास रचते देखा। यहां अर्हं ध्यान योग का एक विशाल सत्र आयोजित किया गया जिसमें 15000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। यह योगशाला स्वयं अर्हं योग प्रणेता, संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य अर्हं मुनि 108 प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में हुई । अर्हं ध्यान योग प्राचीन ध्यान योग को आज के परिपेक्ष्य में सरलतम तरीके से हमारे सामने प्रस्तुत करता है। यह तन स्वस्थ, मन प्रसन्न और चेतन निर्मल बनाता है।यह ध्यान-प्रमुख योग प्रक्रिया है। ओं अर्हं नमः के नाद और मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ कर योगासन कराए गए।इस मौके पर आयोजन का ध्वजारोहण आर के ग्रुप किशनगढ़ परिवार की सुशीला पाटनी एवं शान्ता पाटनी ने किया। भगवान आदिनाथ के चित्र का अनावरण सुशील पहाड़िया रोहित पहाड़िया ने एवं दीप प्रज्वलन नंदकिशोर प्रमोद पहाड़िया ने किया ' जिसके बाद स्वयं अर्हं श्री ने पञ्च मुद्राएँ करायीं। साथ ही कायोत्सर्ग से भीतरी शान्ति और अक्षर नाद, तरंग नाद से खुद को हील करने की कला सिखाई। इस प्रक्रिया के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभ जैसे लम्बाई बढ़ना, आँखों की दृष्टि प्रबल होना, रीढ़ की हड्डी मजबूत होना, जठराग्नि उद्दीपन, आत्मविश्वास बढ़ना, तनाव और अवसाद को दूर करना आदि का भी ज्ञान कराया गया।इसके पश्चात अर्हं श्री ने ध्यान की महक से इस वातावरण को सुगन्धित किया और प्रार्थना के साथ जन सैलाब को ऊर्जान्वित किया। उद्बोधन में अर्हं श्री ने बताया कि अर्हं एक दिव्य ज्योति रूप आनन्द है जो सबके अन्दर विद्यमान है। ध्यान के माध्यम से हम उससे जुड़ते हैं। अहिंसा दिवस पर अर्हं श्री ने अहिंसा के महत्व की भी अनुभूति कराई। इस भव्य स्तर पर देश में यह ध्यान योग का प्रथम आयोजन था। कार्यक्रम में जयपुर के अलावा दिल्ली, जबलपुर, सतना, बंगाल सहित पूरे देश के विभिन्न प्रान्तों से भी लोग उपस्थित थे। जिनवाणी चैनल, आदिनाथ चैनल और अर्हं ध्यान योग के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण के माध्यम से, देश-विदेश से लाखों लोगों ने इसमें सहभागिता ली। इस मौके पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मीरा मार्ग मानसरोवर के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक उपस्थिति को देखकर अर्हं ध्यान योग के प्रति लोगो का जबरदस्त जुडाव देखा। आलम यह था कि लोगो का सुबह 4 बजे से ही स्टेडियम में आना शुरू हो गया था। सभी साधकों को टी शर्ट दी गई। आयोजन में आई ए एस डॉ समित शर्मा, डॉ सोनिका जैन, सुधान्शु कासलीवाल, विवेक काला, सुरेश सबलावत, राजीव जैन गाजियाबाद,शीला डोड्या, शैलेन्द्र गोधा, आलोक जैन, विनय सोगानी, प्रदीप जैन, जे के जैन नेमीसागर, डॉ पी सी जैन, भारत भूषण जैन, एस के जैन, गौरव जैन सहित विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं के हजारों की संख्या में युवक - युवतियों, महिला-पुरुषों ने शामिल होकर एक नया इतिहास रच दिया। आयोजन से जुड़े हुए विनोद जैन कोटखावदा एवं लोकेन्द्र जैन ने बताया कि अर्हं ध्यान योग आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का ऑफिशियल पार्टनर है। ध्यान योग के माध्यम से यह अनूठा प्रयास देश-विदेश में लाखों लोगों को स्वस्थ और समृद्ध जीवन जीने की कला प्रदान कर रहा है। विगत वर्षों में अर्हं ध्यान योग ने दिल्ली के लाल किला, आगरा के ताजमहल, खजुराहो मंदिर प्रांगण, फतेहपुर सीकरी, झांसी जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर अपने सफल योग कार्यक्रमों की अमिट छाप छोड़ी है, जिसमें हजारों लोगों ने सहभागिता निभाई है। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति मीरा मार्ग के सुनील बैनाडा, तेज करण चौधरी, लोकेन्द्र जैन, अशोक सेठी, जम्बू सोगानी, एडवोकेट राजेश काला, अशोक गोधा, अशोक छाबड़ा, अरुण श्रीमाल, विजय झांझरी सहित जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं के 200 से अधिक कार्यकर्ताओं एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए अर्हं योग की टीम सदस्यों ने पूरी व्यवस्थाऐं सम्हाली। मुनि श्री के सानिध्य मे 3 से 6अक्टूबर तक भट्टारक जी की नसियां में होगें विभिन्न आयोजन श्री मुनि संघ सेवा समिति बापूनगर के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद ने बताया कि मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भट्टारक जी की नसियां में 3 अक्टूबर को वर्धमान स्तोत्र पूजा विधान एवं 4 अक्टूबर को भगवान मुनिसुव्रत नाथ विधान का विशेष आयोजन प्रातः 6.15 बजे से होगा। इस दौरान प्रातः 8.15 बजे मुनि श्री के मंगल प्रवचन होंगे।

@... पेज 15 पर

**ओं अर्हं नमः के नाद से गूंजा एस एम एस स्टेडियम, हजारों लोगों ने अर्हं श्री के सान्निध्य में ओं अर्हं नमः का किया नाद**

# अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में जयपुर में रचा इतिहास














फोटो: कुमकुम फोटो
साकेत, 9829054966

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...

**कुलचाराम. हैदराबाद**

गजल की ये पंक्ति, बहुत प्यारी लगती है
ये दौलत भी ले लो - ये शौहरत भी ले लो।
भले छीन लो मुझसे मेरी जवानी
मगर मुझको लोटा दो बचपन की यादें।
वो कागज की कश्ती - वो बारिश का पानी।
जो बच्चे हैं, वो बड़ा होना चाहते हैं और जो बड़े हैं, वो बचपन में जाना चाहते हैं। अब बचपन में जाने के लिए आदमी को अपने चेहरे से अनेक तरह के मुखौटे उतारने होंगे।
बचपन का अर्थ है - निश्छलता का जीवन। बचपन का अर्थ है - स्वाभाविक जीवन जीना।
बड़े होने का अर्थ है - हम अच्छा दिखना चाहते हैं, अच्छा बनना नहीं चाहते। अच्छा बनने में मेहनत है, इमानदारी है, बच्चों जैसा भोलापन और बच्चों जैसी सरलता चाहिए।
बच्चों जैसा जीवन हम दिन में कुछ घन्टे जी सकते हैं, जैसे - एक घन्टा - बच्चों जैसा व्यवहार करें जैसे - हंसना, रोना, बोलना।
दूसरे घन्टे - कुछ समय मौन हो जायें, देखें, सुने, मुस्कुराएं।
सात दिन के लिए दो घन्टे - प्रतिदिन, हम अबोध रहेंगे जैसे - जन्म के बाद थे वैसे। बालक वत निर्विकारी हो जाओ, जो न कुछ जानता है, न कुछ पूछता है, न तर्क करता है, न कुछ चर्चा करता है। यदि तुम छोटे बच्चे हो सको तो बहुत कुछ सम्भव हो जाए, बच्चों जैसे निश्छल हो गये, तो असम्भव कार्य भी सम्भव हो जायेंगे।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**



# थर्मल सी आई एस एफ ने दिया स्वच्छता का सन्देश

## महापुरुषों का जन्मदिन स्टेडियम की सफाई करके मनाया




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती पर कोटा थर्मल पावर स्टेशन के सी आई एस एफ स्टाफ ने सफाई अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता का सन्देश दिया। ग्रह मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार कोटा थर्मल की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के प्रभारी उप कमांडेंट राकेश निखज की अगुवाई में सी आई एस एफ के बल सदस्यों ने दादाबाड़ी के मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम की साफ सफाई की तथा प्रभारी द्वारा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्टेडियम में उपस्थित सभी आमजनों ने संकल्प लिया और आश्वासन दिया कि वे इस स्टेडियम की साफ सफाई निरन्तर रूप से करेंगे। इस स्वच्छता अभियान में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता राकेश लालवानी, हेमन्त बना एवं पार्षद भगत गोस्वामी भी उपस्थित रहे।

# लायन्स क्लब की द्वितीय केबिनेट मीटिंग उज्जैन में संपन्न लायन्स क्लब कोटा सेन्ट्रल व दिनेश खुवाल हुए सम्मानित




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। लायन्स क्लब की दो दिवसीय द्वितीय केबिनेट की मीटिंग उज्जैन में संपन्न हुई। लायन्स क्लब कोटा सेन्ट्रल की अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि कैबिनेट मीटिंग में लायन्स क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233ए -2 के संभाग 4 के संभागीय अध्यक्ष लायन दिनेश खुवाल को संभाग के क्लब्स की गतिविधियों के बेस्ट प्रेजेंटेशन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही लायन्स क्लब कोटा सेंट्रल को भी गत तीन माह में सर्वाधिक ब्लड कलेक्शन के लिए सम्मानित किया गया। कैबिनेट मीटिंग में पी डी जी विशाल माहेश्वरी, रीजन चेयरमैन दिनेश खुवाल, क्लब सेक्रेटरी राधा खुवाल, प्रांतीय चेयरमैन महिला सशक्तिकरण आशा माहेश्वरी इत्यादि उपस्थित रहे।

# आचार्य शांतिसागर सभागार हरीपर्वत में मनाया श्री दिगंबर जैन पदमावती पुरवाल जैन समाज का क्षमावाणी महापर्व





**आगरा. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पद्मावती पुरवाल समाज आगरा एवं श्री दिगम्बर जैन पद्मावती पुरवाल जन कल्याणकारी समिति के तत्वावधान में क्षमावाणी महोत्सव,वृद्धजन सम्मान समारोह एवं प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन 2 अक्टूबर को आचार्य शान्तिनाथ सभागार, एमडी जैन, इंटर कॉलेज हरीपर्वत पर सांनद सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य श्री वात्सल्य रत्नाकर विमल सागर जी महाराज के पूजन के साथ प्रारम्भ हुई। अनेक श्रद्धालुओं ने भक्तिपूर्वक आराध्य देव की पूजन अत्यन्त ही भक्ति भाव से की। चित्र का अनावरण पद्मावती पुरवाल समाज के अध्यक्ष अविन कुमार जैन और मंच पर आसानी महानुभावों के द्वारा की गयी। दीप प्रज्जवलन महिला मण्डल के द्वारा किया गया तथा मंगलाचरण ए०बी०जैन के द्वारा किया गया। संस्था के मंत्री सुनील जैन के द्वारा स्वागत अधिभाषण पढ़ा गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों के द्वारा सरस्वती वन्दना की गयी। बच्चों के द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। पार्श्वी, भूमि, वियान, दिया जैन के द्वारा भगवान महावीर स्वामी की सुन्दर प्रस्तुति प्रस्तुत की गयी। परी जैन के नृत्य ने सभी का मन जीता। पर्व जैन ने भगवान के जन्म कल्याण के ऊपर बहुत ही सुन्दर भजन प्रस्तुत कर सभी को मोह लिया। स्पर्श जैन के सुन्दर-सुन्दर भजनों से पूरा हॉल झूम उठा तो वहीं वात्सल्य सेवा समिति की अध्यक्षा श्रीमती रश्मि जैन एण्ड ग्रुप के द्वारा सुन्दर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की गयी कमल कुमार जैन ने अपनी हास्य एवं धार्मिक कविता प्रस्तुत की। प्रतिभा सम्मान समारोह में सीए, एम, बीए, एमसीए, पीएचडी एम०बी०बी०एस०, बी०टेक, एम०टेक, बी०कॉम०, एम०कॉम०, इण्टर, हाईस्कूल आदि छात्र-छात्राओं का सम्मान कर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। लगभग आगरा जिला के 100-125 प्रतिभाओं का सम्मान किया। सम्मान पाकर छात्र एवं छात्राएँ अत्यन्त ही प्रसन्न दिखायी दिये इसी क्रम में वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया गया। वृद्धजन सम्मान समारोह भी साआनन्द सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के उपरान्त क्षमा वाणी का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। सभी महानुभावों ने विगत वर्ष में हुई गलतियों के लिए आपस में क्षमा मांगकर क्षमावाणी त्यौहार मनाया गया। कार्यक्रम में नाश्ता एवं समापन पर सुन्दर भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगरा शहर के गणमान्य व्यक्तियों के अतिरिक्त बाहर से भी अनेक महानुभाव पधारे। रजिस्ट्रेशन का कार्य अमित जैन, वैभव जैन, प्रशान्त जैन, आदिश जैन, अनुज जैन के द्वारा सम्पन्न कराया गया इस कार्यक्रम में अवनि कुमार जैन, सुनील कुमार, अजय जैन, संजीव कुमार, मुकेश चन्द जैन, वैभव जैन, मनोज जैन, रमेश जैन (राशन वाले), मनोज जैन, राजेश जैन, दीपक जैन, मोहित जैन, प्रशान्त जैन, कमल कुमार जैन, अजय कुमार जैन, सुनील जैन 'काका', मनोज जैन, शांत कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन, संजीव कुमार, रविन्द कुमार जैन की भूमिका अग्रणीय रही। विशिष्ट अतिथि नीरज जैन (जिनवाणी चैनल) एवं मुख्य अतिथि आनन्द प्रकाश जैन (आनन्द जी होण्डा) की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील कुमार जैन एवं श्रीमती उपासना जैन के द्वारा सुन्दर तरीके से किया गया। अध्यक्ष महोदय के द्वारा आगरा एवं बाहर से पधारे हुए महानुभावों का धन्यवाद दिया।

# गोठी स्कूल में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**अमित गोधा.शाबाश इंडिया**

ब्यावर। वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर में आज दिनांक 02 अक्टूबर 2024 को भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय की संगीत शिक्षिका श्रीमती दिव्या अग्रवाल ने कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के साथ महात्मा गांधी को समर्पित एक भजन गायन प्रस्तुत किया। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती मीनाक्षी शारदा ने दोनों ही महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन के माध्यम से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए आवाहन किया। विद्यालय में सीबीएसई द्वारा निर्देशित ''स्वच्छता ही सेवा कैंपेन 2024'' दिनांक 14 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के नाम से चलाया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में स्वच्छता के प्रति जन




जाग्रति लाना था। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान स्वच्छता शपथ, निबंध लेखन, कविता पाठ, स्लोगन राइटिंग, स्वच्छता क्लासेस के साथ साथ हेल्थ चेकअप कैंप आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका समापन भी आज किया गया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढा, विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापक अध्यापिकाओं को बधाई देकर उत्साहवर्धन किया।

# महात्मा गांधी एवम लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा हाथीभाटा स्थित संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवम लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर्व बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया ।इस अवसर पर गांधी जी एवम शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की गई तत्पश्चात क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी एवम विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर स्नेहलता शर्मा ने दोनो के जीवन पर एवम आजाद भारत में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ठ कार्यों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर विधार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी।प्रतिभागी बच्चो को क्लब द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।जन संपर्क अधिकारी लायन अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन रुपेश राठी , पूर्व संभागीय अध्यक्ष लायन शशिकांत वर्मा, लायन सुरेंद्र मेहता एवम विद्यालय की शिक्षिकाएं मोजूद रही अंत में विद्यालय की प्रशासक स्नेहलता शर्मा ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# एम्बिशन किड्स स्कूल के नौनिहालों ने बापू को किया नमन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्योपुर रोड स्थित एम्बिशन किड्स एकेडमी में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया।इसमें प्री प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद भगत सिंह, जवाहर लाल नेहरू, चन्द्रशेखर आजाद, मंगल पाण्डेय, रानी लक्ष्मीबाई आदि वीर सपूतों का रूप धारण कर उनके व्यक्तित्व का संक्षिप्त बखान किया। लाड़ले सपूतों का यह रूप देख कर सभी श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए।उप आचार्य अनीता जैन ने बताया कि इसके अतिरिक्त प्राइमरी कक्षाओ में कक्षा प्रथम व द्वितीय के विद्यार्थियों ने गांधी जी के व्यक्तित्व पर कविता व भजन प्रस्तुत किया।कक्षा 3 के छात्रों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के प्रेरक प्रसंग बताएं तो वही कक्षा चार एवं पांच के विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व का संक्षिप्त परिचय दिया तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने इंपॉर्टेंस ऑफ नॉन वायलेंस, इंपोर्टेंस ऑफ सत्याग्रह तथा इंपोर्टेंस ऑफ स्वदेशी विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये ।प्राचार्य डॉक्टर अलका जैन ने बताया कि एम्बिशन किड्स एकेडमी में हमारे लिए, महात्मा गांधी का जीवन एक मूल्यवान सबक प्रदान करता है।उनका मानना था कि शिक्षा केवल अकादमिक शिक्षा के बारे में नहीं होनी चाहिए, बल्कि चरित्र निर्माण के बारे में भी होनी चाहिए। उन्होंने एक बार कहा था, ''खुद में वह बदलाव करें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।'' इसका मतलब यह है कि हममें से हर एक के पास खुद से शुरूआत करके बदलाव लाने की शक्ति है। इस प्रकार दयालुता, सहिष्णुता और ईमानदारी के मूल्यों को अपनाकर, हम अपने परिवार, समुदाय और अपने देश को उचाइयो पर पहुंचाने में योगदान दे सकते हैं।

# बुधवार को ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र नारेली पर वार्षिक कलशाभिषेक व पदयात्रा आनन्दपूर्वक सम्पन्न हुए



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नारेली। अखिल भारतीय श्री दिगंबर जैन महा अतिशयकारी ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र नारेली अजमेर जिसके प्रेरणा स्त्रोत 108 निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं उनके निर्देशन में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के आशीर्वाद से वर्ष 1997 में स्थापित हुआ था।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक कलशाभिषेक का आयोजन आनंदपूर्वक संपन्न हुआ कमेटी के अध्यक्ष मनीष गदिया व प्रचार प्रसार संयोजक कमल गंगवाल ने बताया कि पद यात्रा के ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र नारेली पहुंचने पर समिति के पदाधिकारी द्वारा सभी आगंतुको का स्वागत सत्कार किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी चौधरी का शॉल एंव माला पहनाकर स्वागत किया गया।उन्होनें वहां मौजूद जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र नारेली एवं सुधासागर जी महाराज से 1997 से जुडे हुए है सर्वप्रथम क्षेत्र में रोड के लिए पॉकलेन मशीन उन्ही के नेतृत्व में चली थीं एंव वह जैन समाज के लिए हमेशा तैयार एवं तत्पर है।कार्यक्रम के अन्दर पदयात्रा के संयोजक, उप संयोजक और पदयात्रा के पदाधिकारियों का सम्मान महामंत्री अतुल ढिलवारी दीपक ढिलवारी एवं संजय महतिया द्वारा किया गया।सुनंदा महिला मंडल एंव महासमिति महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया एंव ब्राह्मी महिला मंडल द्वारा नारेली गौशाला के लिए 1.11 लाख की सहायता राशी दी गयी ।मंच का संचालन कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन एंव ब्रह्मचारी भईया सुकांत जैन द्वारा किया गया । आज के भव्य कार्यक्रम में अजमेर नसीराबाद बीर किशनगढ़ ब्यावर जयपुर एवं राजस्थान के विभिन्न शहरों से जैन समाज के लोग हजारो की तादाद में शामिल हुए।



# पर्यावरण सुरक्षा हेतु गांधी व शास्त्री जयंती पर महिलाओं द्वारा 111 पोधों का पौधरोपण

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**



अजमेर । 2 अक्टूबर भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर की गोधा गवाडी ईकाई व चित्रांश नारी वाटिका द्वारा ऋषि घाटी स्थित कायस्थान मुक्ति धाम मे 111 पौधों का पौधरोपण किया गया। मंडल अध्यक्ष शशि जैन ने बताया कि कायस्थ समाज द्वारा दोनों मंडल की सदस्याओं का स्वागत व अभिनंदन किया गया इस अवसर मुख्य रूप से शशि जैन, राजरानी माथुर, अनिता माथुर,आशा माथुर, संतोष बाकलीवाल, अंतिमा पाटनी, प्रियंका पाटनी, नीलू सोनी, सुनिता अजमेरा, माया माथुर, भगवती, मृदुला, जनक,प्रेमलता, रेखा, मधु, सुमन, चीना,सुधा,दमयन्ती, संध्या माथुर व कायस्थ समाज के बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं उपस्थित थी। अंत मे कायस्थान श्मशान कमेटी के सचिव प्रहलाद माथुर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।